Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding 'One Nation, One Voter ID'

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी): सभापति महोदय, मतदान को न केवल एक नागरिक कर्तव्य बल्कि एक नागरिक अधिकार के रूप में देखा जाना चाहिए । हमें मूल मतपत्र की सुगमता सुनिश्चित करने और भूले हुए प्रवासी मतदाता को सशक्त बनाने के लिए 'वन नेशन वन वोटर आईडी' की देश में शुरुआत करनी चाहिए । जिस प्रकार से देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभ प्राप्त करने के लिए प्रवासी श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को सक्षम करने के लिए 'वन नेशन वन राशन कार्ड' की शुरुआत की गयी थी जो बिलकुल सफल हुई है और आज कोई भी राशन कार्ड धारक देश में किसी भी राशन की दुकान से अपना राशन ले सकता है ।

'वन नेशन, वन वोटर लिस्ट' से चुनाव प्रक्रिया में सुधार होगा देश की चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता के लिए आधार नंबर को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ने की पहल की गई है । पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी एक बार कहा था कि हमें निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए 'वन नेशन, वन वोटर लिस्ट' और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की चर्चा करते रहना चाहिए जिससे मतदान प्रक्रिया में सुधार होगा ।

इसलिए मै भारत में 'वन नेशन वन वोटर आईडी' की व्यवस्था की मांग करता हूँ । इसके लागू होने से सरकार के राजस्व का बहुत बड़ा अंश देशहित के अन्य कार्यों को करने के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, आपने जो लिख कर दिया है, उससे काफी अलग बोला है ।

श्री विनोद कुमार सोनकर: सभापति महोदय, विषय वही है ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, विषय वही है, लेकिन रिकॉर्ड में वही जाता है ।